**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय बुद्धवार हेतु निर्धारित श्री अरुण पाठक, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर**

| प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|
| 4(क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को शासनादेश संख्या-1/2024/11/तीस-4-2024, दिनांक 02.01.2024 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गो में बने अवैध कटों को बंद किए जाने तथा इन अवैध कटो के संबंध में समय-समय पर अपने स्तर से अनुश्रवण/ समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था? | जी हाँ।<br><br>उत्तर प्रदेश विधान सभा की मा० प्रतिनिहित विधायन समिति वर्ष (2022-23) की दिनांक 20.11.2023 को संपन्न साक्ष्य बैठक में मा० समिति द्वारा प्रदेश के विद्यालयीय बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ विद्यालयीय वाहनों के संचालन हेतु प्रख्यापित ''उत्तर प्रदेश मोटर यान (अट्ठाइसवां संशोधन) नियमावली, 2022'' के सम्बन्ध में किए गए विचार-विमर्श के क्रम में प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित कटों के कारण घटित होने वाली सड़क-दुर्घटनाओं पर गम्भीर चिंता प्रकट करते हुए तत्काल बंद कराने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने की अपेक्षा की गयी। तत्क्रम में शासनादेश संख्या-01/2024/11/ तीस-4-2024, दिनांक 02.01.2024 द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को अवैध कटों को बन्द कराने एवं इस सम्बन्ध में अनुश्रवण/समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। |
| (ख) | यदि हॉ, तो दिनांक 02.01.2024 के पश्चात कानपुर नगर, कानपुर देहात और उन्नाव जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गो पर कितने और कौन-कौन से अवैध कटो को बंद किया गया तथा इस संबंध में अनुश्रवण/समीक्षा सक्षम अधिकारी स्तर पर कब-कब हुई? | लोक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के अनुसार अलीगढ़-एटा-कन्नौज मार्ग, एन0एच0-91 (न्यू एन0एच0-34) राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर पर चैनेजवार 33 अवैध कटों के सापेक्ष 33 अवैध कटों को कानपुर नगर के स्थानीय प्रशासन की सहायता से बन्द करा दिया गया है। उक्त का विवरण संलग्न है।<br><br>भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन0एच0ए0आई0) द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के अनुसार जनपद उन्नाव के अन्तर्गत मार्ग में निम्नांकित 17 स्थानों पर अवैध कटों को बन्द करा दिया गया है :-<br><br>1. मदनखेड़ा ओवर ब्रिज। |

2. जी स्कूल के सामने।
3. इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने।
4. इण्डियन पेट्रोल पम्प के 200 मीटर आगे।
5. अन्नपूर्णा ढाबा के सामने।
6. अन्नपूर्णा ढाबा के 50 मीटर आगे।
7. जनता ढाबा के सामने।
8. जनता ढाबा के 100 मीटर आगे।
9. भारत पेट्रोल पम्प के सामने।
10. औद्योगिक क्षेत्र बन्थर मार्ग मोड़।
11. औद्योगिक क्षेत्र बन्थर मार्ग मोड़ के 100 मीटर आगे।
12. सी0यू0जी0एल0 पम्प के सामने।
13. सी0यू0जी0एल0 पम्प के 300 मीटर आगे।
14. एच0पी0 पेट्रोल पम्प के सामने।
15. आजाद मार्ग चौराहा से 200 मीटर आगे।
16. इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने।
17. इण्डियन पेट्रोल पम्प के 200 मीटर आगे।

उक्त की समीक्षा जिलाधिकारी, उन्नाव के द्वारा सड़क सुरक्षा बैठक के दौरान समय-समय पर की जाती है।

इसके अतिरिक्त कानपुर नगर एवं कानपुर देहात के अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर कोई भी अवैध कट नहीं है। लगभग सभी अवैध कटों को पहले ही बन्द करा दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता है। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।

संलग्नक

| क0 सं0 | खण्ड का नाम | रा0मा0 सं0 | अवैध कटो की संख्या कि0मी0 चैनेज वार | अवैध कटों को बन्द किये जाने की संख्या कि0मी0 चैनेज वार | सक्षम अधिकारी स्तर पर अनुश्रवण / समीक्षा का दिनांक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0 कानपुर | 91 (New NH-34) | 1 417.935 | 1 417.935 | — | अवैध कटो को कानपुर नगर के स्थानीय प्रशासन की सहायता से बन्द करा दिया गया है। |
| | | | 1 418.900 | 1 418.900 | | |
| | | | 1 419.110 | 1 419.110 | | |
| | | | 1 420.00 | 1 420.00 | | |
| | | | 1 423.500 | 1 423.500 | | |
| | | | 1 423.600 | 1 423.600 | | |
| | | | 1 424.650 | 1 424.650 | | |
| | | | 1 424.710 | 1 424.710 | | |
| | | | 1 425.120 | 1 425.120 | | |
| | | | 1 425.320 | 1 425.320 | | |
| | | | 1 423.380 | 1 423.380 | | |
| | | | 1 425.410 | 1 425.410 | | |
| | | | 1 426.210 | 1 426.210 | | |
| | | | 1 426.605 | 1 426.605 | | |
| | | | 1 426.700 | 1 426.700 | | |
| | | | 1 426.740 | 1 426.740 | | |
| | | | 1 426.830 | 1 426.830 | | |
| | | | 1 426.920 | 1 426.920 | | |
| | | | 1 427.200 | 1 427.200 | | |
| | | | 1 428.800 | 1 428.800 | | |
| | | | 1 429.120 | 1 429.120 | | |
| | | | 1 429.600 | 1 429.600 | | |
| | | | 1 430.490 | 1 430.490 | | |
| | | | 1 430.950 | 1 430.950 | | |
| | | | 1 431.190 | 1 431,190 | | |
| | | | 1 431.300 | 1 431.300 | | |
| | | | 1 431.390 | 1 431.390 | | |
| | | | 1 431.610 | 1 431.610 | | |
| | | | 1 431.650 | 1 431.650 | | |
| | | | 1 431.940 | 1 431.940 | | |
| | | | 1 432.000 | 1 432.000 | | |
| | | | 1 432.150 | 1 432.150 | | |
| | | Total | 33 | 33 | | |

अधिशासी अभियन्ता
रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर